CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-134
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
सफलता हाथों की लकीरों में नहीं, माथे के पसीने में होती है!

# बिहार सिटी चीफ




सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, रविवार 18 अगस्त 2024

### रक्षाबंधन पर नीतीश सरकार ने बहनों को दिया राखी गिफ्ट

## इस दिन महिलाओं और युवतियों के लिए सिटी बसों की यात्रा मुफ्त



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**पटना**। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षा बंधन के मौके पर महिलाओं और छात्राओं को बड़ा तोहफा दिया है। राखी के दिन पटना में चलने वाली सिटी बसों में यात्रा इनके लिए मुफ्त रहेगी। सिटी बस से पटना में कही भी ये बिना टिकट लिये यात्रा कर सकेंगी। 19 अगस्त को रक्षा बंधन है इस दिन बिहार राज्य पथ परिवहरण निगम की सभी सरकारी सिटी बसों में सफर करने वाली महिलाओं और युवतियों को टिकट नहीं लगेगा। रक्षा बंधन के दिन बहनें भाईयों को घर बिना किसी शुल्क दिये बस से जा सकेगी। एक दिन के लिए यह सुविधा महिलाओं और युवतियों के लिए रहेगी। यह सुविधा सुबह 6 बजे से रात्रि 9.30 बजे तक मिलेगी।

परिवहन विभाग मंत्री शीला कुमारी के निर्देश पर पटना शहरी क्षेत्रों में रक्षाबंधन पर महिलाओं एवं छात्राओं को नि:शुल्क यात्रा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सिटी सर्विस की बसों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने एवं सुरक्षित सफर के लिए रक्षाबंधन पर विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी। महिलाओं को सुविधा प्रदान करने हेतु सभी बसों में पूर्व से ही 65 फीसदी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित किये गए हैं।

परिवहन विभाग रक्षाबंधन के दिन 19 अगस्त को महिलाओं को एक सौगात देने जा रहा है। इस दिन महिलाएं एवं छात्राएं बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सिटी सर्विस की बसों में नि:शुल्क यात्रा कर सकेंगी। बस में सफर करने के लिए उन्हें किसी तरह का कोई शुल्क नहीं देना होगा। रक्षाबंधन के दिन पथ परिवहन निगम द्वारा संचालित बसों में यात्रा करने वाली महिलाएं व छात्राओं को फ्री बस की सुविधा सुबह 6:00 बजे से रात्रि 9:30 बजे तक मिलेगी। बिहार राजपथ परिवहन निगम की पटना नगर बस सेवा के मार्ग संख्या 111, 111, 222, 444, 555, 666, 888, 888 100, 200, 999 एवं पाटलिपुत्र बस टर्मिनल से परिचालित बसों में नि: शुल्क यात्रा कर सकती हैं।

परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम द्वारा राजधानी में कुल 135 सिटी सर्विस की बसों का परिचालन किया जा रहा है। इसमें 25 इलेक्ट्रिक एवं शेष सभी सीएनजी बसें हैं। इन सभी बसों में रक्षाबंधन के दिन महिलाओं एवं छात्राओं के लिए बस सेवा पूरी तरह फ्री रहेगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अभय झा ने बताया कि 2018 से पटना शहर के विभिन्न मार्गों पर बिहार राजपथ परिवहन निगम के द्वारा सिटी बस सेवा का परिचालन किया जा रहा है।

### जहानाबाद हादसे में बड़ी कार्रवाई

## थानेदार-दारोगा-जमादार सहित 11 पुलिस कर्मी सस्पेंड

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**जहानाबाद**। जहानाबाद के वाणावर में हुए दर्दनाक हादसे के बाद जांच कमेटी की रिपोर्ट आ गयी है। रिपोर्ट के आधार पर बराबर थानाध्यक्ष, तीन दारोगा, एक जमदार सहित 11 पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है। सिविल सर्जन एवं दो डॉक्टरों के खिलाफ भी कार्रवाई करने के लिए डीएम ने स्वास्थ्य विभाग से अनुशंसा की है।

जहानाबाद जिले के वाणावर में चौथी सोमवारी की देर रात भगदड़ के कारण कुल आठ श्रद्धालुओं की मौत हुई थी वही दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गये थे। मृतकों में 7 महिलाएं और एक पुरुष शामिल थे। वाणावर में बाबा सिद्धनाथ मंदिर में सावन के चौथी सोमवारी पर जलाभिषेक के दौरान मंदिर के ऊपर अचानक से भगदड़ मच गयी थी और भगदड़ के दौरान ड्यूटी से गायब रहने वाले बराबर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार शाह, तीन दारोगा, एक जमादार एवं छह सिपाहियों पर कार्रवाई की गयी है।

ड्यूटी से गायब सभी पुलिस कर्मियों को जहानाबाद एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने सस्पेंड करते हुए विभागीय जांच की



अनुशंसा की है। गौरतलब है कि इस घटना के बाद जहानाबाद डीएम ने आपदा प्रबंधन के एडीएम के नेतृत्व में एक जांच कमेटी बनाई गई थी और उस जांच कमेटी ने रिपोर्ट डीएम और एसपी को दिया था। जिसमें इस बात का जिक्र था कि सभी पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी से गायब थे। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के खिलाफ भी डीएम ने कार्रवाई की है। मंदिर में किसी तरह की चिकित्सा शिविर नहीं रहने के कारण दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इसके लिए डीएम ने जहानाबाद सिविल सर्जन देवेंद्र कुमार एवं दो डॉक्टरों के खिलाफ भी कार्रवाई की अनुशंसा विभाग से की है।

### बाहर निकलने के लिए मनाते रहे अधिकारी, हथियार के साथ हुआ फरार

## थाने में ताबड़तोड़ फायरिंग कर सिपाही ने खुद को कमरे में किया बंद

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

**मोतिहारी**। जिले के पीपरा कोठी थाना में पोस्टेड एक पैंथर सिपाही ने थाने में दो फायरिंग किया। फायरिंग के बाद पैंथर सिपाही ने अपने आप को रूम में बंद कर लिया। इसके बाद देर रात्रि से सिपाही रूम में ही बंद है। पुलिस महकमे के वरीय पदाधिकारी थाने पहुंचकर रूम खोलने के लिए सिपाही को मनाने में जुटे है। घटना शुक्रवार देर रात की है। सिपाही की पहचान पैंथर सिपाही आशीष तिवारी के रूप में किया गया है। सदर डीएसपी 2 सहित कई पुलिस पदाधिकारी थाने पर कैम्प किये है। हालाँकि कोई भी पुलिस पदाधिकारी कुछ भी बताने से



परहेज कर रहे हैं। वहीँ क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा है। घटना के सम्बन्ध में मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि सिपाही द्वारा थाने में फायरिंग किया गया था। सिपाही अभी अभी रूम खोलकर हथियार सहित फरार हो गया है। सिपाही पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। सदर डीएसपी के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला दुकानदार से विवाद के बाद सिपाही साइको हो गया था । मामले की जांच किया जा रहा है।

## भागलपुर में युवक की गोली मारकर हत्या

**भागलपुर**। बिहार में अपराध चरम पर है। रोजाना हत्या, लूट और दुष्कर्म की घटनाएं सामने आ रही हैं। ताजा मामला भागलपुर जिले से सामने आया है, जहां पर अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

**पहले से घात लगाए बैठे थे बदमाश**

जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के नवगछिया थाना के तेतरी जिरोमाईल एन एच 31 की है। मृतक की पहचान मधेपुरा जिला चौसा थाना के अरजपुर पश्चिमी निवासी टाक्सन कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि टाक्सन अपनी पत्नी को छोड़ने बाइक से नवगछिया आ रहा था तभी पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उसको गोली मार दी। गोली उसकी कनपटी में लगी। घटना के बाद से मौके पर अफरातफरी की स्थिति बन गई। आनन फानन में घायल को इलाज के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे भागलपुर अस्पताल रेफर कर दिया। भागलपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**जांच में जुटी पुलिस**

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल घटना के कारण का अब तक पता नहीं चल पाया है। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## उपचुनाव में भी दो दो हाथ को तैयार प्रशांत किशोर

### बेलागंज और इमामगंज में उम्मीदवार उतारने का एलान

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पटना। अपनी जन सुराज यात्रा के जरिये बिहार के गांव-गांव जाकर अपनी सियासी जमीन तैयार कर रहे प्रशांत किशोर आनेवाले 2 अक्टूबर को विधिवित राजनीतिक दल का गठन करने तो जा ही रहे हैं, उससे पहले भी वो बड़ा धमाका कर सकते हैं. माना जा रहा है कि प्रशांत किशोर बिहार विधानसभा की सीटों के लिए होनेवाले उपचुनाव में भी अपने कैंडिडेट खड़े कर सकते हैं.

प्रशांत किशोर ने शनिवार को



गया में एक प्रेस-कांफ्रेंस के दौरान उपचुनाव लड़ने को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि चुनाव लड़ेंगे तो बेलागंज और इमामगंज दोनों जगहों से लड़ेंगे. ऐसा नहीं है कि इमामगंज में अलग और बेलागंज में अलग रणनीति होगी.

वहीं प्रशांत किशोर ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव के उस बयान पर भी पलटवार किया जिसमें तेजस्वी ने आरजेडी नेताओं पर पैसे लेकर जन सुराज ज्वाइन करने का आरोप लगाया था. प्रशांत किशोर ने कहा कि ऐसे में तो तेजस्वी अपने ही नेताओं-कार्यकर्ताओं को गाली दे रहे हैं.अपने नेताओं को भ्रष्ट बता रहे हैं.

### पर्यावरण संरक्षण पर जोर

## पूर्णिया के विद्या विहार आवासीय विद्यालय में 180 KW ऑन-ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

पूर्णिया। पूर्णिया के विद्या विहार आवासीय विद्यालय में 180 किलोवाट ऑन-ग्रिड सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया। जो सतत ऊर्जा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों को गुलदस्ता भेंट किया गया। मुख्य अतिथि, प्रसिद्ध जीवविज्ञानी और पर्यावरणविद् डॉ.रवींद्र कुमार सिन्हा ने सौर ऊर्जा संयंत्र का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। जो अक्षय ऊर्जा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

डॉ. सिन्हा ने शैक्षणिक संस्थानों में सतत प्रथाओं के महत्व पर जोर दिया और क्षेत्र में एक मिसाल कायम करने के लिए विद्या विहार आवासीय विद्यालय की सराहना की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश



डाला कि किस प्रकार सौर ऊर्जा को अपनाने से कार्बन फुटप्रिंट में उल्लेखनीय कमी आ सकती है तथा यह छात्रों और समुदाय के लिए एक शैक्षिक मॉडल के रूप में कार्य कर सकता है।

विद्या विहार प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अशेश्वर यादव और पूर्णिया के जेल अधीक्षक मनोज कुमार सहित विशेष अतिथियों ने सभा को संबोधित किया तथा पर्यावरण चेतना के साथ



प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद विद्यालय की संधारणीयता पहलों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें दिखाया गया कि किस प्रकार नव स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्र ऊर्जा लागत को कम करने तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में योगदान देगा।

कार्यक्रम का समापन सुविधा भ्रमण के साथ हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों को सौर संयंत्र के परिचालन पहलुओं को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला। कार्यक्रम का संचालन सी.के. झा तथा कक्षा 12 की विद्यालय कैप्टन सृष्टि चौहान ने किया। जिससे कार्यक्रम सुचारू रूप से चला। विद्यालय के सचिव राजेश चंद्र मिश्रा, ट्रस्टी पल्लवी मिश्रा, निदेशक आर.के. पॉल, संयुक्त निदेशक दिगेंद्र नाथ चौधरी, प्राचार्य निखिल रंजन, उप प्राचार्य गोपाल झा, गुरु चरण सिंह, प्रशासक सी.के. झा, अरविंद सक्सेना और जनसंपर्क अधिकारी राहुल शांडिल्य, सभी समर्पित शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन जलपान और नेटवर्किंग के साथ हुआ, जहाँ अतिथियों और उपस्थित लोगों ने स्कूल की हरित पहल के व्यापक निहितार्थों पर चर्चा की। विद्या विहार आवासीय विद्यालय शिक्षा और स्थिरता के प्रति अपने समर्पण को मजबूत करते हुए, उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करना जारी रखता है।